# १. उड़ चल, हारिल

– सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय'

उड़ चल हारिल लिए हाथ में, यही अकेला ओछा तिनका
उषा जाग उठी प्राची में कैसी बाट, भरोसा किनका !
शक्ति रहे तेरे हाथों में, छूट न जाय यह चाह सृजन की
शक्ति रहे तेरे हाथों में, रुक न जाय यह गति जीवन की !

ऊपर-ऊपर-ऊपर-ऊपर, बढ़ा चीर चल दिग्मंडल
अनथक पंखों की चोटों से, नभ में एक मचा दे हलचल !
तिनका तेरे हाथों में है, अमर एक रचना का साधन
तिनका तेरे पंजे में है, विधना के प्राणों का स्पंदन !

काँप न, यद्यपि दसों दिशा में, तुझे शून्य नभ घेर रहा है
रुक न यद्यपि उपहास जगत का, तुझको पथ से हेर रहा है !
तू मिट्टी था, किंतु आज मिट्टी को तूने बाँध लिया है
तू था सृष्टि किंतु स्रष्टा का, गुर तूने पहचान लिया है !

मिट्टी निश्चय है यथार्थ, पर क्या जीवन केवल मिट्टी है ?
तू मिट्टी, पर मिट्टी, से उठने की इच्छा किसने दी है ?
आज उसी ऊर्ध्वंग ज्वाल का, तू है दुर्निवार हरकारा
दृढ़ ध्वज दंड बना यह तिनका, सूने पथ का एक सहारा !

मिट्टी से जो छीन लिया है, वह तज देना धर्म नहीं है
जीवन साधन की अवहेला, कर्मवीर का कर्म नहीं है !
तिनका पथ की धूल स्वयं तू, है अनंत की पावन धूली
किंतु आज तूने नभ पथ में, क्षण में बद्ध अमरता छू ली !

उषा जाग उठी प्राची में, आवाहन यह नूतन दिन का
उड़ चल हारिल लिए हाथ में, एक अकेला पावन तिनका !

('इत्यलम्' कविता संग्रह से)


—— ० ——

## परिचय

**जन्म :** १९११, देवरिया (उ.प्र.)
**मृत्यु :** १९७८, दिल्ली
**परिचय :** सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' जी आधुनिक हिंदी साहित्य के जाज्वल्यमान नक्षत्र और बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं । आपने कविता, कहानी, उपन्यास, आलोचना, निबंध, संस्मरण, नाटक सभी विधाओं में सफलतापूर्वक अपनी कलम चलाई है । आपने अनेक जापानी हाइकु कविताओं को अनूदित भी किया है ।
**प्रमुख कृतियाँ :** 'हरी घास पर क्षण भर', 'आँगन के पार द्वार', 'सागर मुद्रा' (कविता संग्रह), 'शेखरः एक जीवनी'(दो भागों में), 'नदी के द्वीप' (उपन्यास), 'एक बूँद सहसा उछली', 'अरे ! यायावर रहेगा याद' (यात्रा वृत्तांत), 'सबरंग', त्रिशंकु' (निबंध संग्रह), 'तार सप्तक', 'दूसरा सप्तक' और 'तीसरा सप्तक' (संपादन) आदि ।

## पद्य संबंधी

प्रस्तुत कविता में 'अज्ञेय' जी ने हारिल पक्षी के माध्यम से देश के नवयुवकों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है । कवि का कहना है कि जीवन पथ में अनेक कठिनाइयाँ आएँगी किंतु उनसे घबराना नहीं है । जीवन-जगत के आह्‌वान को स्वीकार करके 'फीनिक्स' पक्षी की भाँति आसमान की ऊँचाइयों तक पहुँचना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए ।



## शब्द संसार

**हारिल** पुं.सं.(दे.) = हरियाल (एक पक्षी) (महाराष्ट्र का राज्यपक्षी)

**ओछा** वि.(दे.) = तुच्छ, छोटा

**दिग्मंडल** पुं.सं.(सं) = दिशाओं का समूह

**विधना** पुं.(सं.) = होनहार

**उपहास** पुं.सं.(सं.) = हँसी, दिल्लगी

**गुर** पुं.सं.(दे.) = कार्य साधने की युक्ति, कायदा

**ऊर्ध्वंग** पुं.सं.(सं.) = शरीर के ऊपर का भाग

**दुर्निवार** वि.(सं.) = जिसका निवारण करना कठिन हो ।

**हरकारा** पुं. सं. (फा.) = डाकिया, संदेशवाहक

## स्वाध्याय

*** सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए :–**

**(१) संजाल पूर्ण कीजिए :**

तिनके की विशेषताएँ

**(२) कृति पूर्ण कीजिए :**

हारिल की शक्ति संबंधी कवि की अपेक्षाएँ

१.------- २.-------

**(३) उचित जोड़ियाँ ढूँढ़कर लिखिए :**

| अ | आ |
|---|---|
| १. प्राण | ------- |
| २. ------- | पंख |
| ३. उषा | ------- |
| ४. ------- | पावन धूली |

**(४) चार ऐसे प्रश्न तैयार कीजिए जिनके उत्तर निम्न शब्द हों :**

प्राची : ____________

उपहास : ____________

अमरता : ____________

हलचल : ____________

**(५) पद्य में प्रयुक्त प्रेरणादायी पंक्तियाँ लिखिए ।**

**(६) कविता की अंतिम दो पंक्तियों का अर्थ लिखिए ।**

**(७) निम्न मुद्दों के आधार पर पद्य विश्लेषण कीजिए :**

१. रचनाकार का नाम
२. रचना का प्रकार
३. पसंदीदा पंक्ति
४. पसंद होने का कारण
५. रचना से प्राप्त प्रेरणा

### उपयोजित लेखन

'यदि मैं बादल होता.....' विषय पर लगभग सौ शब्दों में निबंध लिखिए ।

75YKIB